अनुक्रमणिका

॥ श्रीः ॥

प्रस्तावना।

सकल भव्य जीवों से मेरी यह प्रार्थना है कि इस अपार संसार में जीव पापकर्म उपार्जन करके अनेक प्रकार के दुःखों के विभागी हुए जाते हैं, निज स्वभावकूं भूल कर पर स्वभाव में रत रहते हैं, कुगुरु, कुदेव, कुधर्म, में रच रहे हैं, खोटी मति को अच्छीमाति समझ कर अंगीकार कर रहे हैं, और कितनेक भद्रिक भव्य जीव अच्छी मतिको अच्छी जान तो लेतें हैं मगर अंगीकार किया हुवा छोड़ नहीं सक्ते जैसे रायप्रसेनी सूत्रमें लोह वणिकका द्रष्टान्त है । और कितने ही ऐसे हैं के-रागद्वेष में लिप्त होकर धर्म अधर्म कूं तो कुछ नहीं जानते केवल मति पक्षपात सें कुदेव, कुगुरों को नहीं छोडते ॥ २ ॥ कितने ऐसे भी हैं न्याय ऽन्याय, धर्म ऽधर्म, साधू असाधू को वे कुछ नहीं जानते और अपनेसें सबको अच्छा समझते हैं उनके भांतें स्वेत स्वेत सर्व दुग्ध और पीत पीत सर्व स्वर्ण है ॥ ३ ॥ चोथे लंबरके जीव ऐसे भी हैं कि अपनी बात कों छोडते नहीं और दूसरे की सुनते नहीं ॥ ४ ॥ इस तरै संसार में च्यार प्रकार के अनेक मनुष्य हैं, इस हेतु सर्व सज्जनों से मेरी यह प्रार्थना है कि सरल परिणामों से हिताऽहित धर्माऽधर्म, का विचार गौरके साथ करैं क्यों के अव्वल तो मनुष्यशरीर ही पाना मुसकिल है, उसमैं आर्य क्षेत्र उच्च कुल पाना बहुतही

कठिन है, कदाचित् ए सब होयतो दीर्घ आयु पूर्ण इंद्रीबल, होना अत्यंत ही दुर्लभ है फिर सद्गुरु संयोग और वीतराग के वचन श्रवण में चित्त लगाना मुसकिल है, फिर सास्त्र श्रवणके बाद् सत्याऽसत्य का निर्णय कर असत्यका त्याग और सत्य का ग्रहण करना तथा धर्मकार्यमें प्रवृत्तहोना महामुसकिल है।

सब लोग जानते हैं कि एक दिन मरणा है, नजरमें देख-ते देखते स्वजन स्नेही भाई व मित्र, गरीब, अमीर, राजा, प्रजादि सब चले जा रहे हैं जैसें ही एक दिन सब को जाना होगा सर्वदा स्थिर कोई भी नहीं रहता लेकिन बिचार ऐसा बांधते हैं कि-हम अजर अमर ही हैं अथवा लाखो क्रोडो बरसों तक जीना होगा, मरते हैं सो और हैं, हम कोई और हैं, मोह कर्म बसमे मदांधकी तरै हो रहे हैं, और धर्म कार्य करना वा किसी गुण-वानके पास सुनना, निरपक्ष पुस्तकों को देखना तो व्यर्थ सम-झे है कहतें हैं हमें फुरसत नहीं मिलती लेकिन, उन लोगो को-येह बिचार अवश्य चाहिए के जिस वक्त कालवली आवैगा तो कोई डाक्टर, वैद्य, हकीम, ज्योतसी, बली धनी, सूरमा कुटम्ब, फोज, पलटन, किला, तोपखानादि, किसीका जोर नहीं चलेगा आखिर शरीरको छोडकर एका एक जीव शुभाशुभ कर्मको संग लकर पर भवमें जायगा, इसलिये अवश्य चाहिए कि जरा न आवे रोगन व्यापे इन्द्रीयों का बल पराक्रम हीन न पडे, जिसके पहले पह-ले जो कुछ बन सके यथासक्ति धर्म कार्य करे जिससें पर भवमें दुखः न पावै, और अनादिकालसें जीव कर्म संततीके साथ है उससें मुक्ति होनेका मार्ग मिले, इसलिये सर्वथा प्रकार हिन्सा, झूट, चोरी, मैथुन, परिग्रहादि कुकर्मोका त्याग करके शुद्ध सा

धुपना पाले, अथवा साधुपना नहीं ग्रहण कर सकै तो, जीवा जीव पुन्यपापादिक यथार्थ बिचार करके यथासक्ति ब्रत पच खान कर शुद्ध श्रावकपणां पालै, और गुणवंतोंका गुणगाणे में हमेसा तत्पर रहै, जिसमें अपनी आत्मा का कल्याण होय, मैंने जो निजबुद्धि अनुसार गुणवानोंके गुण गाये हैं सोपर हितेच्छु सज्जन धर्मानुरागी भाइयों के वांचनार्थ ये पुस्तक, आत्महित उपाय सगुणावली, छपाकर प्रकट करीहै सो कविजन, पंडित जन गुणवान् इसै पढ कर मेरा हास्य न करेंगै मुझै कोई ऐसा व्याकरण, काव्य, कोष, ह्रस्व, दीर्घादि, वर्णोका विशेष बोध नहींहै सो कोई भूल रहगई होवे तो गुणीजन क्षमा करेंगे, मैं नें तो अपने आत्महितार्थ जिन गुण गाये है श्रीजिनराज देवके गुणोंका तो पार नहीं है अनन्त हैं और मेरी बुद्धि छोटी सी जैसें कोई बावना पुरुष बडे ऊंचे अमृतफल तोड खाने के लीये प्रयास करे या कोई कुंडमें तैरने वाला मनुष्य अपने भुज बल सें महा कल्लोल लोल समुद्र में तिरणे के हेतु कूदपडेतो लोग हास्य करै तैसेही जिनगुणतो महा आगधि समुद्र और मैं अल्प मति क्या उनका वर्णन कर, सक्ता हूं इस लिए यहभी हास्यका कारणहै मैनें एकांति कर्म निरजराका कारण समझ कर गुणानुवाद किया है, सो कृपा कर अवस्य पढै और जो कोई जोड करणे में या लिखने में अथवा छपने में भूल रह गई होयतो क्षमा करे।

आपका हितेच्छु और गुणवानों का दास श्रावक
जोहरी गुलाबचंद लूणिया जयपुर

इति निवेदनम्।

॥ दोहा ॥

सकलसौख्यं दाता सदा विघन हरण गुणगेह ।
त्रिभुवन तारक ईश प्रभु प्रणमूं अरिहंत देव॥ १ ॥
कर्म चतुष्टय नाश करि पायो जिन निज धाम ।
द्वादश गुण संयुक्त जे अतिशय गुणअभिराम ॥ २ ॥
श्रीपरमातम परम पद पाये कर्म हटाय ।
ज्ञान स्वरूपी ज्योतिमय निज संपद सुखदाय ॥३॥
ज्ञानानन्त गुणाष्टयुत अतिशय जसु इकतीस ।
सर्वसिद्धिदायक सदा सिद्ध नमूं जगदीश ॥ ४ ॥
आचारज तीजे पदे गुण षट्तीस सुहाय ।
जिन आगम आचर्ण रत प्रणमूं तेहना पाय ॥ ५ ॥
उपाध्याय जिन श्रुत धरू शास्त्र अर्थ भंडार ।
गुण पच्चीसे शोभता प्रणमूं बारं बार ॥ ६ ॥
मोक्षमार्ग साधन करे पाले पँचा चार ।
सप्त बीस गुण धर सदा नमूं साधु सुखकार ॥ ७ ॥
श्रीजिनशासनदीपतो पञ्चम अरके मांहि ।
भिक्षु गुण निधि सागरू सुमर्‍याँ हित सुख थाय॥८॥
वर्तमान गणपति भलो मुनि पटड़ाल मुनीश ।
सेवकने सुर तरु समों करे ज्ञान वकसीस ॥ ९ ॥

एसहुनें प्रणामीं करी पुनि सरस्वती सुप साय ।
गुणावंता गुण गावतां प्रगटै बुद्धि अथाय ॥ १० ॥
हैं अनंत जिनराज गुण कहत न आवे पार ।
किंचित संग्रह करि कहूं निज बुद्धी अनुसार ॥ ११ ॥

प्रश्न ॥

जिन किसको कहते हैं

उत्तर ॥

जिन कहते हैं जीतनें वालोंको

प्रश्न ॥

जीतने वाले तो जोधा सूरमां कहातें हैं सो बैरीको बस करिके अपना जय करे उन्हीको कहते हो या और कोई बात है।

उत्तर ॥

परसेना को बिडार कर शत्रूको बस करै एतो संसारिक संग्राम है, ऐसा संग्रामतो अपना जीव आगे अनन्त बार किया जिससे कर्मबन्ध होकर उदय आने से दुःख प्राप्त भया तो मानो यह जय कहाँ हुई पराजय हुई।

प्रश्न ॥

तो फिर किस संग्रामके लिए कहते हो कहो ॥

उत्तर ॥

इसलोकमें जितने जीवहैं सो असंख्यात प्रदेसी हैं ज्ञान दर्शन चरित्रादि गुणों करके संयुक्त हैं और अनंत सक्तिवंतहैं वे दो प्रकारके सिद्ध और संसारी सिद्ध कर्मों रहित संसारी कर्मों सहित अनादिकालसे ज्ञानावर्णादि करिके ढके हुए हैं और कर्मोंसे लोलीभूत होरहे हैं ।

उस पर द्रष्टान्त ॥

तेल और तिल लोली भूत जैसे जीव और कर्म लोली भूत । १ ।

धातु माटी लोली भूत तैसे जीव कर्म लोली भूत २

घृत और दुग्ध लोली भूत वैसे जीव कर्म लोली भूत ३

इत्यादि दृष्टान्त करके अनंत सक्तिवंत जीव कर्मोंसे लिप्तहैं और मलीन होकर मलीन रत्नकी तरे अपनी बुनियाद को कभीभी नहीं पहुंचता जैसे बांझ स्त्रीके पुत्र नहीं वैसे अभव्य को मुक्ति नहीं

उनको अभव्य कहते हैं और जो शुद्धसामग्री पाके अनन्त चतुष्टय गुण प्रकट कर सके और करेंगे वो भव्य कहलाते हैं ।

प्रश्न ॥

कर्म क्या चीज है

उत्तर ॥

इसका जवाब से विस्तार तो जैनसिद्धांतों में है लेकिन इहां संक्षेप मात्र कहते हैं ।

सुनिए

कर्म जड है चउफरसी पुद्गल है रूपी हैं उनके नाम ज्ञानावरणी १ दर्शनावरणी २ वेदनी ३ मोहनी ४ नांम ५ गोत ६ अन्तराय ७ आयुष्य ८ इनमें च्यार तो अघातिक शुभाशुभ कर्म ह ।

१ वेदनी साता असाता
२ नाम शुभ अशुभ
३ गोत ऊँच नीच

४ आयुष्य शुभ अशुभ ।

ए च्यारो पुन्य पाप दोनो हैं इनके अनेक भेद हैं और च्यारों कर्मघातिक हैं जीवकाजैसा जैसा गुण दबाया है तैसाही इन कर्मोंके नाम हैं ।

१ ज्ञानावरणी कर्म ज्ञान आडा आभर्ण है ।
२ दर्शनावरणी दर्शनगुण आभर्ण है ।

३ मोहनी कर्म के उदय से जीव उन्मत्त होकर मदांध की तरं होजाता है।

४ अन्तराय कर्म जीवको लाभ नहींहोने देताहै ।

ए च्यारं अशुभ कर्म हैं इन कर्मोंको दूर कर राग द्वेष के जीतनेसे ज्ञान दर्शन चारितादि निज गुण प्रकट किया है उनको जिन कहते हैं उनकी अतिशय महिमादि गुणोंका पार नहीं हैं जिसका वर्णन शास्त्रों में कहाहै सो पढने सें या सुणने सें मालुम न हो सक्ता है, कर्म रूप बैरी को हटाके अपणी जय के करणे वाले, अरिहंत बिजई को जिन कहते हैं उनका मत याने बिचार को जिन मत कहते हैं ।

चतुर्विंशतिजिनस्तवनम्

श्रीऋषभजिनस्तवनम्

राग भैरवी ।

आदि समै श्रीआदि जिनदको स्मरण महा-
सुखदाई रे ॥ नाभिभूप मरुदेवीको नन्दन कीरति
त्रिभुवन छाईरे। धुरराजेश्वर धुर भिक्षाचर धुर परमेश
कहाई रे ॥ १ ॥ तीन ज्ञान संपन्न सदागम चर-
ण लेत जिनराई रे । मन पर्जव तव ज्ञान भयो है
कल्पातीत कहाई रे ॥ २ ॥ क्षपक श्रेणि चढ घ-
नघातिक अघ क्षय कीये जिनराई रे ॥ लहि केवल
भविजन प्रतिबोधत भूमण्डल छविछाई रे ॥ ३ ॥
लोकालोक प्रकट सब जाणै छांनी वस्तु न कांई
रे ॥ योग निरोधी शिव पद पाम्यां सिद्धि सदा सुख
दाई रे ॥ ४ ॥ उगणीसे चौपन मगशिर सित
रवि बारस दिन आई रे । गुलाबचन्द आनन्द भ-
योहै श्रीजिनस्तवना गाई रे ॥

अथ २ श्रीअजित जिनस्तवनम् ।

दरश देख जीनको दीदार भयो राजी । एचाल

अजित जिनंद फंद मेट सरणा गही तेरी ॥ आं० कर्मनको बंध काप मोटो जग मांहि पाप, जपूं जाप सोंप मोय तुम आंणा डोरि ॥ १ ॥ तुमहो त्रिभुवनके स्वांम वांछित सब पूरो कांम आठोंजाम नाम तेरो जपूं हाथ जोरि ॥ २ ॥ अनंत वली आप होय जीत सके नांहि कोय। अजित नाम तास स्वाम अरज सुनो मोरी ॥ ३ ॥ भविजन तुम धरत ध्यान दया दिल मांहि आन ॥ सेवक को दीन जान काटो भव फेरी ॥ ४ ॥ उगणीसे चोपन्न जांण पोषकृष्ण चौथ मान ॥ गुलाबचंद अरज आज करते करजोरी ॥ ५ ॥

अथ ३ संभव जिनस्तवनम्

राग आसावरी ।

संभव जिन नित वंदो वंदत होत अनंदो रे । भविका संभव जिन नित वंदो ॥ श्रावस्थी नगरी अति सुंदर जिनारथ तिहारा यो सेनादे राणी उर

उपनां संभव नाम कहायो रे ॥ संभव० ॥ १ ॥ लछन अश्व तणो हद सोहै च्यारसो धनुष शरीरो। साठ लाख पूरवनूं आयू पाम्यां भव जल तीरो रे । संभव० ॥ २ ॥ इक सय दोय थया मुनि गण धर दोय लाख अणगारो। तीनलाख पुनि साठ सहस गिण समणी तणों परिवारो रे। संभव० ॥ ३ ॥ संभव जिनको नांम जप्यांथी पामें शिव पुर राजो। तीन लोकके साहिव स्वामी तारन तिरन जहाजोरे संभव० ॥ ४ ॥ उगणी मे चोपन मगशिर सित चोदस मंगल वारो । गुलाबचंद कहै संभव जिनको स्मरण महासुखकारो रे । का भविका० ॥ ५ ॥

अथ ४ अभिनंदन जिन स्तवनम्

राग काफी

क्योंरे तोय लाज न आवे भटकत गणा थकि वार। प्चाल

बदरिया जिन वचनोंकी बरस रही सुख दाय ॥ (आंकडी) केवल ज्ञान घटा प्रकटी तव लोकालोक स्वभाव जानत प्रभुजी जीव चराचर छा नीं वस्तु न काय ॥ बदरिया० ॥ १ ॥ वचनामृत बरषत धुनि गरजत भविजन सुन हरखाय स्याद

वादं दोय विजुरी चमकत देखत कुमति डराय ॥ वदरि० ॥ २ ॥ शत इक षोडश गण धर प्रभुके पूरव धर मुनिराय । गूंथि गूंथि भव जनको पावत अंग उपंग वणाय ॥ वदरि० ॥ ३ ॥ केइ नर उत्तम चरन गहै तव केइ श्रावक पर्याय । व्रत धारक समदृष्टि सुधारक केइ दरस देख हुलसाय ॥ वदरि० ॥ ४ ॥ उगणीसे चौपन हितकारी माघ मास सुखदाय ॥ अभिनंदन जिनराज तणा ये गुलावचंद गुण गाय ॥ वदरिया० ॥ ५ ॥

अथ ५ सुमतिनाथ जिनस्तवनम्

राग

(नाथ कैसे गजको फंदछुडायो ए चाल)

सुमति जिन तुम साहिव सुखकारी मैतो- बार बार बलिहारी ॥ (आंकडी) सुमति सुधारन कुमति विडारन आप भये अवतारी । भविक उधारन भव जल तारण कारण अशुभ विडारी ॥ १ ॥ जिन आणां विन धर्म प्ररूपै या कुमति वडी छै धुतारी ॥ अनुकंपहिकूं अनुकूल कहै प्रतिकूल कहै

नहिं दारी ॥ २ ॥ तुम पसाय सुमति मुझ प्रगटी प्रगट भयो उजियारी । सावद निरवद भेद कह्या जब अंतर आंख उघारी ॥ ३ ॥ तेरा पंथे संत तंत है म्हंत वडा उपगारी । तसु पदपंकज मुझ मन भमरो सरण गह्यो गुणधारी ॥ ४ ॥ उगणीसे चौपन माघ अष्टमी श्रीजयनगर मझारी ॥ गुलावचंद जिनराज तणां गुण गावत धर हुसियारी ॥ ५ ॥

अथ ६ पद्मप्रभ जिन स्तवनम्
राग चालखडकाकी

पद्म जिनराज महाराज अलवेसरू नाम शिव धाम आराम नीको, भविक प्रतिबोध शुध सोध अविरोध तर पावियो आंवियो सुजसटीको ॥ १ ॥ चतुर्विधसंघनो नाथदुखभंजनो रंजनो भ्रमरभावि मन लुभायो ॥ अरज अव धारिये पार उतारिये स्वांम मैं तांहेरै सरण आयो ॥ २ ॥ लाख त्रण तीसहज्जार साहू भला ब्रह्ममुखलाख पुनि सहस वीशै समणि सुखदायिका आप शासन विषे काया अढाई सत धनुष दीसै ॥ ३ ॥ ध्यांन वर ध्याय शिवपाय अविचल थया गुण ग्रह्या अष्ट तुम सुख-

के दाता। यकेतीसे खरी अतिशये परिवरी नांम भ-जिया भवीं यामें शाता ॥ ४ ॥ संमत् उगणीसे वर वरस पचपन्नमें माघमासे वदी तीज आयो। क-हत गुलाव गुनगावतां ध्यावतां हरष आनंद मन-मां पायो ॥ ५ ॥

अथ ७ सुपार्श्वजिनस्तवनम्

(वामासुतवासजीप्रभुपूजो एचाल)

सुपारस स्वांमजी मुजै प्यारो एतो जिन व-रमोहनगारो। अं०) शोभै काशी नगर सुनीको नंद-न प्रतिष्ट नृपतिको। सुवरण वरण तहतिको ॥ १ ॥ छत्रतीन सिंहासन सौहै चामर युग विहुपासे मोहि। द्रुम अशोक जिनपें होवै ॥ २ ॥ इंद्र नरिंद्रादिक सव आवै तृण डाली शोभा रचावै। चौमुख जिनजी दरसावे ॥ ३ ॥ सुरतीर्यञ्च बहू नरनारी समव स रन होवै अतिभारी। तिणरो आगममें अधिकारी ॥ ४ ॥ उगणीसे चोपन्नै वरसे फागण सित एक-म दिवसें। कांई गुलाव शशी मन हुलसे ॥ ५ ॥

अथ ८ चंद्रप्रभजिनस्तवनम्

राग पीलू

होजी हो जिनद हां मोयतो भरोसो राजरा चरनांरो मोयतो आ० ॥ महासेनराजा तात त्रिसलादे राणी मात तेहनू तू अंगजात स्वेत वरणोरो ॥ १ ॥ तुमहो त्रिभुवन नाथ कीजे साथ दीजे हाथ धरम परम संसार तिरणोरो ॥ २ ॥ अरज करत एक प्रभुमेरी राखो टेक तुम दरसन सुद्ध आतम करणोरो ॥ ३ ॥ तेरेहूं आधीन लीन जलमें मगन मीन चंदस्वाम नाम धाम दुःखके टरनरो ॥ ४ ॥ करम भरम काप शिव सुख मोय साप गुलाबचंद आनंद शरणोरो । मो० ॥ ५ ॥

अथ ९ सुविधि जिन स्तवनम्

राग मल्हार सोरठ

पपैयापापी पियाजीरी वाणी न बोल एचाल

तारो हो जिनजी एसंसार असार । आ० सुग्रीव नंदन कुबुधि विहंडन सुबुधि सदा सुख कार । धनरामारे राणी जननी जायो सुत सुख कार ॥ १ ॥

बहुत भम्योंमें भवसागरविच अष्टकरमकी लार नर सुर तिय नरक निगोदै कहत नआवे पार ॥ २ ॥ कुबुधि केलवी बहु दुख पायो अबतो नजर नि- हार दीनदयाल कृपाल कृपा कर अपनूं विरद संभार ॥ ३ ॥ सुविधि करी सम कित रस पीनूं कीनूं सुगुरु अंगीकार । तेमोय दीनूं अजब न गीनूं ते विसरूं नाहि इणवार ॥ तारो० ॥ ४ ॥ उगणीसे पचपन वैशाष कृष्ण बीज सुक्र कुंवार ॥ गु- लावचंद आनंद हद पायो श्रीजयनगरमझार ॥ ५ ॥

अथ १० शीतल जिन स्तवनम्

सांतिय गुलाव फवे जये गनेमें एचाल

प्रभु तुम गुन सुन अति हरखायो । मुझ मन घन हुलसायो रे॥आ० शीतलस्वामी अंतरजामी गुण नां- मी शिव पांमी जी अविचल धामी नहि कोइ खामी आप भय आरामी जी ॥ १ ॥ सर्वलोक शीतल होने सें शीतल नाम कहायो रे । जिन जनम्या जिन अव- सर जगमें निपज्यो धान सवायो जी ॥ २ ॥ च्या- र कषाय अगनसुं अविकी तैं शुभ ध्याने आयोजी

शीतल ध्यांनै: शीतल होयनैं निरमल केवल पायो रे प्रभु० ॥ ३ ॥ जगवत्सल जगनायक जगमें पुरुषोत्तम सुखदायो । सुमरण सांचो मुझ मन राच्यो आछो ये भव पायो । प्रभु० ॥ ४ ॥ उगणीसे पचपन आषाढे कृष्ण चोथ मल आयो । रामराय हुलस्यो अंकूरो गुलाबचंद गुण गायो । प्रभु० ॥ ५ ॥

अथ ११ श्रेयांस जिनस्तवनम् ।

राग सोरठ ।

कुंवरीने जादूडारा मोह्या स्वामि हमारारे एचाल ।

श्रेयांस स्वांम मेरा में शरण गह्या अब तेरारे श्रेयांस० (आंकडी) गुरु गुण ग्यांनें जिन वर जांणों मनमान्या मुजकेरा । जिन वचजोवो परसनहोवी धान्या सुगुरु भलेरारे श्रे० ॥ १ ॥ नाथ निरंजन आप जगतमें भंजन दुखका डेरा । निरलोभी निकलंक भयेहो पाखंड है भव तेरारे श्रे० ॥ २ ॥ वनिता संग ढंग है केई आडंवर जन घेरा । केई लोभी सोभी मानी भस्म लगाय भुलेरारे । श्रेयांस० ॥ ३ ॥ ऐसे जगमें

कुगुरु कुदेवा मिलिया वेर घणेरा । सुगुरु सुदेव सुसेव धर्मकी विसरूं नहिं इणवेरा रे ॥ श्रेयांस० ॥ ४ ॥ उगणीसे पचपन आषाढ़े पंचमी दिवस सुनेरा । गुलावचंदकी येही अरज है टारो भव भव फेरारे ॥ श्रेयांस० ॥ ५ ॥

अथ १२ वासुपूज्यजिनस्तवनम् ।

राग कहरवा ।

ब्रे पौना में तुक्कल थारी काटोरे ज्वान ब्रे । एचाल ।

मेरे मन वासुपूज्य जिन भावै मेरे० (आंकडी) रूप अनूपम शोभित है तन लाल वरण दरसावै । मे० ॥ १ ॥ सुमति धार जपलै जग तारक काहे को कुमति वढावै । मेरे० ॥ २ ॥ जिन आणां विन धर्म न होवै श्रीसिद्धांत वतावै । मे० ॥ ३ ॥ देव सुगुरु शुध धर्म अहिंसा समकितवंत कहावै । मे० ॥ ४ ॥ निश्चय जिनको ध्यान धरंता फेर गरभ नहिं पावै । मे० ॥ ५ ॥ क्षपक श्रेणि चढ योग निरोधी शिव पुर वेग सिधावै । मे० ॥ ६ ॥ गुलावचंद आनंद भयोहै हुलस हुलस गुण गावै । मे० ॥ ७ ॥

अथ १३ विमलजिनस्तवनम् ।

राग खमाच ।

बतादे सखि कौन गली गए श्याम । एचाल

बतादे प्रभु सिद्ध मिलनको दाव । बतादे प्रभु० (आंकडी) विमलनाथ प्रभु आप निरंजन भंजन दुखको घाव । व० ॥ १ ॥ विमल ध्यानथी शिव पद पाया विमल भये उमराव । व० ॥ २ ॥ नाम स्थापनां द्रव्य निक्षेपो तुर्य सूर्य जिम भाव । व० ॥ ३ ॥ भाव निक्षेपै भविजन ध्यावो भाव वंदन-को चाव । व० ॥ ४ ॥ गुलाबचंदकी एही अरज-है पातक दूर पलाव । व० ॥ ५ ॥

अथ १४ अनंतनाथस्तवनम् ।

होजी म्हारै भिक्षूनै भारी मालतणी बरजोरी जी धरमनां धोरीजी एचाल—

चविप्राणत देव लोकसुंजी कांई सुजशा उदरे आय । सिंहसेन नृप सुत भलोजी नांमें अनंत कहाय । भजो जिनरायाजी परम सुखदाया जी हे जि एतो पूरण परमानंद तणी बलिहारीजी ती रथ करतारी जी । हो० ॥ १ ॥ आयो नक्षत्र रेवती

कांई जन्म थयो तिणवार। छप्पन दिश कुमारियां जी कांई करे निज कृत्य विचार। भजो जिनराया जी० ॥ २ ॥ सुरपति आसन कंपियो कांई चिंतै चित्त मझार। निरखी चैन चराचरी कांई देवै अवधि तिहिवार। भ० ॥ ३ ॥ जांणयूं मानुष खेत्रमें कांई जनम लियो जगतार। सप्त अष्ट पग सामों जई कांई करे स्तवनां हितकार। भ० ॥ ४ ॥ आवी निज आवासमां कांई घंट सुघोष पुराय। करण महोत्सव उमह्यो कांई जांणी निज पर्याय भ० ॥ ५ ॥ भो सुर चालो वेगसुं कांई लाहि निज निज परिवार। इम कहि सोहम पति तदा कांई आयो नृप आगार। भ० ॥ ६ ॥ हे जगजननी जनमियो तूं भव जल तारन हार। ले जावां महोच्छव भणीं कांई मंदिर गिरइण वार। भ० ॥ ७ ॥ पंच रूप वैक्रिय करी कांई शक्रघणूं उछरंग। इक लेई जिनराज नै कांई चमर उभय अति चंग। भ० ॥ ८ ॥ छत्र धरै इक पूठ ले कांई वज्र ग्रही इक सार। आगै चालै हेजसुं कांई नाटक विविध प्रकार। भ० ॥ ९ ॥ मंदिर गिर ऊपर जई कांई पांडुक वन कै माहि। सिंहासण सासय वसे कां-

ई देख्या नयन ठराय । भ० ॥ १० ॥ चौसठ इंद्र आविया । कांई जय जय शब्द उचार । सौधर्म्मेश निज गोदमें कांई लेवै थई हुसियार । भ० ॥ ११ ॥ अच्युत पतिनां हुकमथी कांई तीरथ जल सवि-ठाठ । कलसा विशेष करावतां कांई चौसठ पुनि स-हंस आठ भ० । १२ । करि उच्छव घर आविया कांई माताप्रति कहे एह । तुम सुत छै हम शिरधणी कांई राखिज्यो जतन करेह । भ० ॥ १३ ॥ अमृत अंगुष्ठे करी कांई निज निज कल्प विचाल । आवै इम विस्तार छै कांई जिन आगममें न्हाल । भ० ॥ १४ ॥ तज त्रिषया सज संयमी कांई योग छांडि जिन राय एक समय शिव पामियां कांई गुलाब कहै गुण गाय । भ० ॥ १५ ॥

अथ १५ धर्मनाथजिनस्तवनम् ।

भाजरी में होरी खेलन कैसे जाऊँ मैया ना बोले मोंसे एकबार ।

आपरीमैं या विध पूजा रचाऊँ तादिन शिव सुखपाऊँ गाऊँ मैंतो या विधपूजा रचाऊँ (आं०) दीपक नांण जांण नव तत्वैं सम कित जोत ज-गाऊँ ता० ॥ १ ॥ करुणा नीर धीर सुध निरमल

उपसम कलस ढुलाऊँ। ता० ॥ २ ॥ ज्यावच्च सुगुरु लूहन तन तपस्या अगर धूप महकाऊँ। ता० ॥ ३ ॥ चंदन खमन दमन इन्द्रिनको केशर कुंकुम मिलाऊँ। ता० ॥ ४ ॥ जिन गुन चुन माला कुशुमांकी पावन गल पहराऊँ। ता० ॥ ५ ॥ अक्षत वरत धरत जिन आगल ब्रह्म पकवान चढाऊँ। ता० ॥ ६ ॥ तवन ढाल सिझाय सुगारस बहु वादित्र बजाऊँ ता० ॥ ७ ॥ करि उपदेश जिनेश बचन नूं घंट सुघोष पुराऊँ। ता० ॥ ८ ॥ योग निरोध विरोध करमको एक समय सिध थाऊँ। ता० ॥ ९ ॥ आतम संपति कंपत नाही शिव सुख फल पुनिपाऊँ ता० ॥ १० ॥ इस विध पूजा करतां मेरा भव भवपाप पुलाऊँ। ता० ॥ ११ ॥ धर्मधुरंधर धरम जिनेश्वर धर्म ध्यान चित ल्याऊँ। ता० ॥ १२ ॥ प्रभुसें अरज गुलाव करत है में जिन शरणो आऊँ। ता० ॥ १३ ॥

अथ १६ श्रीशांतिनाथ स्तवनम्।

राग सोहनी।

कलमे तू बेकल हुआ क्या तेरे अजार है ए चाल।

शान्ति नाथ शान्तिकरो शांति तेरो नामहै (आं०) विश्वनंद कर आनंद काट फंद कर्म कंद तिमिर नाश कर उजास जय दीनंद स्वाम है शांति० ॥ १ ॥ करन सौख्य हरन दुःख धरम मुख्य जन निकुख्य आय राय चक्रिपाय शरन्न तग्न ठाम है । शांति० ॥ २ ॥ मिटत ताप जपत जाप हो मिलाप सजन आप । ऐसे नाथ साथ आथ पाय मुक्ति धाम है । शां० ॥ ३ ॥

पुनः शांति स्तवनम् ।

मलयकोई मति राखज्यो एदेशी ।

शांति करण प्रभु शांतिजी विस्वसेन जीरा नंदोजी । अचिरा उदरे ऊपनां मृगलांछन सुखकंदोजी । शांति ॥ १ ॥ जन्म समय सुर वहुमिल्या आया चौसठ इन्द्रोजी । दुख उद्वेग सहु नासिया थायो अधिक आंनंदोजी । शांति० ॥ २ ॥ तुम नामें संपद मिलै तुम नामै सुख थावै जी । रोग शोक सहु उपसमें दालिद्र दूर पलावै जी । शां० ॥ ३ ॥ तुम नामें सहुदुख टलै इंद्रादिक पद पावै जी । निश्चय सुमरण आपरो कीधां अविचल थाजीवै

शांति ॥ ४ ॥ भो भविजन ये जिन तणूं ध्यान धरो इक चित्तो जी । नांम जप्यां संकट टलै पामें भल भल वित्तोजी । शांति० ॥ ५ ॥

अथ १७ कूंथुनाथस्तवनम् ।

ए विनती अवधारी पार उतार ज्यो हो स्वांम (एआंकडी) कुंथुनाथ करुणा गर स्वांमी जी पूरण आशा खाशा धामीजी थांपर वारी हो जिनजी नांमी शिव पद पामी आरामी थया हो राज० ॥ १ ॥ भुवन अनुत्तरनां सुर ध्यावैजी । मोहन मुद्रा निरख सुख पावै जी । थांपै वारी म्हारा जिनजी तुमनी सेवा चावै उमावै सुर सहूहो राज थांपै वारी म्हारा जिनजी । ए विनती अव० ॥ २ ॥ करत प्रश्ण तिहांथी अमराजी जिम पंकज कूं चाहै भमराजी थांपै वारी म्हारा जिनजी भक्त तणी भक्तीनी शक्त नां जांणछोजी राज । थांपै० ॥ ३ ॥ जिन उत्तर प्रश्ण नूं देवै जी निर्जर अनुत्तर में जाण लेवै जी थांपै वारी हो ॥ सुखमें अति सुख पामें दरस तुम देखिनै हो राज थांपै वा० ॥ ४ ॥ उगणीसे पचपन माघ मासेजी अष्टमी दिवस भलै गुरु-

समकित धर कर करणी नींकी फीकी कुमति भगाइ। द्वादश व्रतधारी सुखकारी बारूं सुमति जगाई। जिनन्दजीसू लगन लगाई। या विध होरी मचाई ॥ १ ॥ ज्ञान गुलाल ताल जिन आगम भर पिचकारी चलाई। कर चरचा किरचा अघ कारण पाखंड ताज उडाई। करम दल दूर हटाई। या विध० ॥ २ ॥ करुणानीर धीर जिन वचनां सुचनां निज जिय मांई। आतम गुन ओलख गोलख कूं ज्ञान दर्शन सें बधाई। अमोलक ए रिद्धँ पाई॥ या विध०॥ ३॥ राय सुदर्शन देवाराणी सुत अरि जिन सुख दाई। तीरथनाथ साथ सहँससाहू तीस धनुष तनु पाई। सुद्ध मग मोक्ष सिधाई॥ यावि०॥ ४॥ उगणीसे पचपन माघमासे खास वसंत ऋतु आई। गुलावचंद आनंद भयो है श्रीजिनस्तवनां गाई। फलो मुझ आस सवाई ॥ या० ॥ ५ ॥

अथ १९ मल्लि जिनस्तवनम्

म्हारारे स्वामी बोलोनी वाला एदेसी ॥

राग गुजराती

सजर मिधर्मप्रभू केलाला एदे शी।

मल्लि जिन साहिबरे सांचा मेरे प्रभु अमृत सम वाचा लागे छै सब पाखंड मुज काचा ॥ मेरे ॥ १ ॥ सोहै पचवीस धनुष देही धरे सुर हरख निरख केई । तेरे जिन चरण शरण लेई । मल्लि० ॥२॥ पूर व खट मंत्री मन भाया । तसु तुम ज्ञानैं समुझाया । स्वल्प कालेकेवल पाया । म० ॥ ३ ॥ भली तुम अमृत सम वांनी । मुनि जन शिव सुखकी खांनी । अछेरो पाय थया ज्ञानी । म० ॥ ४ ॥ करत जिनस्तवनां सहु सावै वसन्त रितु पचपनमें आवै । खुसी थइ गुलाव शशी भावै । म० ॥ ५ ॥

अथ २० मुनि सुव्रतजिनस्तवनम्

राग मांढ

थांने आईजि अनादी नींद जरा टुक जोवोतो सही·एचाल

श्रीमुनि सुव्रत जिनराज तणां गुणगावो तो सही (आंकडी) निज सरूप सुखदाइ सदा तुम ध्यावो तो सही । अध्यातम रूप अनूप भूप शिवपावोतो सही । श्री० ॥ १ ॥ ए पुदगल नूं रूप कूप मनजाणोतो सही । तुम छांडी विषय विकार सार दिल

ल्यावोतो सही। श्री० ॥२॥ कुमति कदाग्रह छोड़ स्रोड मध आवो तो सही। ये नर भव दुर्लभ पाय कुपथ भुलावो तो सही। श्री० ॥३॥ लहि सामग्री सार टार क्रम आवो तो सही। चरन ग्रही भवि बच्चन जच्चन फुरमावो तो सही। श्री० ॥ ४ ॥ उगणीसे पच्चपन मन सुध ठावो तोसही। कहै गुलाबचंद आ-नन्द अचल सुख पावोतो सही। श्री० ॥ ५ ॥

अथ २१ नमि जिनस्तवनम्

(धीठामें धीठा क्या विगाड्या तरा पड़ेशी) १

चेतन सुखदाई नमिए नमि जिनराया निज गुण लिय ल्याई नामिएं सुगुण सुहाया (आंकडी) कवण अछै तू किन, संग मोह्या रे जिया एम विचारो जी ध्यान धेय ओलखकर करणी अ-पनूं काज सुधारो। चेतन ० ॥ १ ॥ द्रव्य थकी ए सास्वत जानो तीनकालरे मांयों। केवल दर्शन ज्ञांन अछेपिण करमा वरणाछिपायो। चे० ॥ २ ॥ भाव थकी तो कह्यो असास्वत पंचम अंग मझा-री। चेतन गुण नहिं घटे वधे तिल पलटै परजाय थां री। चे० ॥ ३ ॥ कुमति विडारी सुमति सुधा-

री जपोजाप जिनजीको । जीछै कारण करले सुध करणी पतिथा शिवरमणी को । चेतन ॥ ४ ॥ निज ध्येय ध्यांतां जिन गुण गातां सुख संपद हद पावैजी । नमिय नमो दुख गमो सर्वथा गुलावचंद गुनगावै । चे० ॥ ५ ॥

अथ २२ नेमि जिनस्तवनम्

चाल ग़ज़ल

इम कहती राजुलनारी सखी मेरो नेमनाथ सुखकारी छवि लागत है अतिप्यारी भला सुभ रथतणी असवारी ए रथ तणीं असवा री ॥ संग आएहै गिरधारी लख कोतल घोडा भारी लख को तल मिले सब जादव बंस उदारी । इम० ॥ १ ॥ लख पसुवन कर इकठरि भेर मिजमानी राय विचारी घमसांण करण कूं त्यारी खिले वन वाग बगीचे सारी नेमी सर तोरण आए । जब पसु मिल शब्द सुनाये सुनि जिन वर करुणां ल्याये सुन। तजी रथ फेर चले गिरनारी ।इम० ॥ २ ॥ तव कृष्ण कहे सुन भाई । तेरे ये स्यों आई दिलभाई भाखे नेमीश्वर राई मरै पशु जीव हमारे तांई नाहि परणी एह वी नारी वधू शिव वरस्यूं

सुख अपारी गिर सम धीरजता कीनी लहि केवल-शिव वर लीनी कहे गुलाव शशी सुख भीनी कहै । जाउं तसु चरण कमल वलि हारी । इम० ॥ ३ ॥

अथ २३ पार्श्वजिनस्तवनम्
राग लावणी

करै क्षणमाहि लोहको कंचन ते पारस जग-में काचो इक भवमें सुखियो थाय जिणिसुं तिणमें मति राचो तुम प्रभु पारस सांचे पारस वचन सु-धारस हितकारी तसु ओलख सरणू चरण गह्या सें करदे आप समों भारी । अपने मनकूं वश कर चेतन नमिये पारस सुखकारी । निज परगुन जानी हित आनी करले नाथ तणी यारी ॥ १ ॥ कल्प-तरू जिम आशा पूरन चूरनकरम भरम अघकूं । तम मेटन जैसें करै उद्योत रवी जगकूं । सुण साहिव स्वाम सुधाम पाम आराम थयो है अति तुम कूं । अव सादृश रूप भूप होनें दी चाहलगी हमकूं अपने० ॥ २ ॥ थई संजमी तपस्या करतां खायक श्रेणि चढी आवे । त्रणादशमें स्थांने नांण भलो के वल पावे अघांतिक कर्म च्यार क्षय कीधः येक

समय में शिव जावै। इम कहै गुलाब सिताब उनीकूं सुख थावै। अपने० ॥ ३ ॥

अथ २४ महावीरजिनस्तवनम्

आज सुर इंद्र इंद्र वीर गुन गावता ॥ प्राणान्ति लोक भवन तिहांथी सुदेव च्यवन आय देवानन्दा उदर चतुर्दश दिखावता। आज०॥ १ ॥ राय सिधारथ तात त्रिसलादेराणी मात अमर गरभ हरण करी तास उदरै ल्यावता। आ० ॥ २ ॥ फाल्गुनी उत्तरा जांण जनम्यो सुदिन जगति मांन। रासि कंन्या हेम वरणों सकल दुःख गमावता। आ० ॥ ३ ॥ अथिर धार मन विचार आत्मसार संयमभार वारे वरस तेरा पक्ष तपथी अघ धूलावता। आ० ॥ ४ ॥ साल द्रुम हेठै आय भावनां सू सुद्धभाय केवल पाय जिनंदराय भविक कूं समझावता। आ० ॥५॥ हजार चोदे साहु वंस आरज्या छतीस सहंस सुबुधि वहुनांण जांण पूर्वधर उमावता। आ० ॥ ६ ॥ नृपति पावां पुर अरदास अरज है करो चौमास विन तडी चित मांन तीरथपति ठावता आ० ॥ ७ ॥ कातिक वदी दीपमाल करम च्यार दू-

र ढालदेववि देव रयण अर्थ मोक्षमें सिधावता आ० ॥ ८ ॥ उगनीसें पचपन जांन भलो दिवस खुसी मांन गुलावचंद हरख धरी तवन कूं सुनावता । आ० ॥ ९ ॥

अथ २४ चतुर्विंशति जिनस्तवनम्
राग कालिंगडा

प्रभुजी का शोभा वरणी न जाय मेरे प्र० एआंकडी

ऋसभ अजित संभव अभिनंदन सुमति पद्म सुपारसराय । प्र० ॥ १ ॥ शशि प्रभ जिन पुनि सुविधिनाथजी शीतल श्रेयांस सदा सुखदाय । प्र० ॥ २ ॥ वासुपूज्य श्री विमलनाथजी अनंत धर्म जगतारक साय । प्र० ॥ ३ ॥ शांतिकरण प्रभु शांतिनाथजी कुंथु अरि मल्लीदेव कहाय । प्र० ॥ ४ ॥ मुनि सुव्रत नमि नेमि पारस प्रभु श्रीवर्धमान चरम जिनराय प्र० ॥ ५ ॥ ए चोवीश जगत जयवंता एहतणां चरणां चितल्याय प्र० ॥ ६ ॥ श्रीभिक्षु गुरुमाल गणांधिप राय शशी जयमघव कहाय प्र० ॥ ७ ॥ माणकलालतणे पट सोहे डाल गणी जिन जिम महाराय प्र० ॥ ८ ॥ चतु र्वि-

शिंति तीरथ पति केरी करी स्तवनांये तासु सुप-
साय प्र० ॥ ६ ॥ उगणीसै पचपन संवत भल
ऋत वसंत भवि पिक हुलसाय। प्र० ॥ १० ॥ शु-
भ दिन सुभघडि शुभ पलजानों तादिन जिनका
त व न व ना य।प्र०॥ ११ ॥ निज बुधि माफक मैं
गुनगाया प्रभु गुन केरा पारन पाया प्र० ॥ १२ ॥
कहत श्रावक धर्म प्रभावक गुलावचंद आनंद अ-
धिकाय प्र० । ॥ १३ ॥

अथ पंचपद स्मरणम्।

दोहा

श्री उसभा दि जिनेश्वरा चउवीसे सुखदाय।
वंदू वेकर जोड कै नित प्रति सीस नमाय ॥ १ ॥
चंद्रानन धुर चर्म फुन वारिषेण जिनराय।
ऐरव क्षेत्र विषे थया नमूं नमूं हितलाय ॥ २ ॥
भरत पंच पुनि ऐरवय तेय विषे अवधार।
चउवीसी थइजे सदा प्रणमूं अनंत अपार ॥३॥
विदेह पंचमें जे विजय इक सय साठे विचार।
थया जिनेश्वर तेह नमूं करण जोग सुध धार॥४॥

वर्त्तमान तीरथ पती विचरै अतिशय धार ॥
निर्मलगुण ज्ञानादि जे प्रणमूं वारं वार ॥ ५ ॥

ढाल ।

चेतन चेतोरे यह संसार असार (एदेशी)

जिनरायारे शरणातिहारे स्वांम ए विनती अवधारिये जिनरायारे जि० तुम गुण अधिक अमाम दुरगतिके दुख टारिये ॥ जि० ॥ १ ॥ भमतां भव भवमांहि मनुष जनम यह पाविया ॥ जि० पायो आरज देश उत्तम कुल वलि आविया ॥ जि० ॥ २ ॥ सुणी आपरी वांणी मीठा अमृत पय समा ॥ जि० धन धन है तुम्हनांण वाह वाह तुम्ह नै घणी खमा ॥ जि० ॥ ३ ॥ जिन॥ तुम्ह आणामै धर्म अधरम आणां वाहिरै ॥ जि० वांणी गुण पैतीस अतिशय चउतीस तांहरै ॥ जि० ॥ ४॥ द्वादशगुण श्रीकार छत्र चामर ओपै भला आजि ॥ अशोक वृक्ष उदार मुख जिम पूरण शशिकला जि० ॥ ५ ॥ द्वादश पर षद मांहि वैसी देशनां देवता ॥ जि० लोका लोक स्वभाव सांभल सुर नर सेवता ॥ जि० ॥ ६ ॥ नहीं तुम्ह मुझमें फेर

अंतर ज्ञानें जांणियो ॥ जि० हुं करमांनै केडू हिव संवेग चित आंणियो ॥ जि० ॥ ७ ॥ जपतो थारो जाप तुम कहि जिम करणी करूं जि० भव भवनां दुख कांप ध्यान तुमारो नित धरूं ॥ जि० ॥ ८ ॥ कारण कारज सिद्ध विन कारण कारज नहीं ॥ जि० ते मांटै निज रिद्ध प्रकट करण सुमरण सही ॥ जि० ॥ ९ ॥ निमित्त कारण हो आप उपादान निज आतमां ॥ जि० करता पणै सुथाप मोक्ष कार्य होय स्यात मां जि० ॥ १० ॥ आज भलो सुविहाणं आज कृतारथ हूं थयो ॥ जि० उदय भयो भल भांण सुमरण सेती सुख लह्यो ॥ जि० ॥ ११ ॥

ढाल

केवला वरणी खय थयो प्रगट्यो केवल नांणो रे काल गये वर्त्तमान नूं आगमिया नूं जाणूं रे ॥ ज्ञान दरसण प्रणमूं सदा वारी चारीत तप सुख कंदो रे आतम गुण शिव पंथ ए वारी आदरतां आनंदो रे ॥ ज्ञा० ॥ १ ॥

दोहा

आदि अंत वेहू नही सकल स्वभाव अवर्ण ॥
सिद्ध नमू नित हित भणी कारज सिद्धी कर्ण ॥१॥
साहि अछेपिण अंत नहीं पाम्या पद-निर्वाण ॥
करमा वरणी क्षय करी प्रगट वसू गुण जाण ॥ २ ॥
परमातम पद पावियो निरावर्ण निज रूप ॥
लोक अग्र शिव सुख लही आतम संपति भूप ॥३॥
त्रिक रण सुभ योगे करी प्रणमूं वारं वार
इण भव पर भव ने विषे सरणांरो आधार ॥ ४ ॥

ढाल

म्हांरा प्रभुजी ओलंभडे मती खीजो (ए देशी ।

अंत समें तुम योग निरोधी कर शैले शीकर्ण चोदश गुण स्थानक फरसी ने थयो चेतन निरावर्ण हो प्रभुजी आप तणों मोय शरणो भव भव पातक हरणो हो प्रभुजी ॥ आप० ॥ १ ॥ अ इ उ ऋ ऌ पंचाक्षर गुणतां जिती वार इतनी स्थिति में कर्मविनाशी एक समय गतिधार हो ॥ प्र० ॥ आ० ॥ २ ॥ ऊर्धलोक लोकांते जइ नें जोतमें जोत प्रकाशी अजर अमर अक्षय निरुपाधी जन्म मरण दुख नाशी हो ॥ प्र० आ० ॥ ३ ॥ चरम शरीर तणी

अवगाहन तेहनां त्रण भाग जाणूं। आत्म प्रदेश विमल संकोची दोय भाग परिमाणूं हो ॥ प्र० आ० ॥ ४ ॥ अतिशय ऐक तीस अति ओपे परम समाधी पामी ॥ कहां लग वरणासकूं गुण तारा अहो अहो अंतरजामी हो प्र० आ० ॥ ५ ॥ तीन कालनां सुर सुख कहिये अनंत वरांगना देइये ॥ तेहथी अनंत गुणो अधिकेरा तुम सुख पाम्या कहिये हो ॥ आ० ॥ ६ ॥ तिलमां तेल है व्यास अनादि करमां संग जिम जीवो ॥ घाणियादिक चारित्र उपावे पामी मुक्ति अतीवहो प्र० आ० ॥ ७ ॥ धातू माटी अलग करणाकूं कारण वन्हीं धारो ॥ करणी करी सर्व संवरथी करमसुं कियो छुटकारो हो प्र आ० ॥ ८ ॥ पयमें घृत प्रत्यक्ष न दीसें फूलमें अतर छिपायो ॥ ज्यूं चेतन इण कर्म सघाते रह्यो ममत दुख पायोहो। प्र० आ० ॥ ९ ॥ आपतो कारज सिद्ध करीने अमरापुर अवतरिया। कामक्रोधवस जीव अज्ञानी चिहुगति माहे रडियाहो प्र० आ० ॥ १० ॥ जिन वांणी सुण रयण अमोलकहूं इण भवमे पायो। आदरव तंत्र ने तुमसुमरण आनद हर्ष सवायो हो प्र० आ० ॥ ११ ॥

ढाल

वेदनी क्षय थइ तेह सेंवारी आतमीक सुख पायाजी नांम क्षायकथी गुण बध्यो वारी भाव अमूर्तिक थायाजी ॥ ज्ञान० ॥ १ ॥ गोत आऊ खोनासिया वारि अगुरु लघू सुखदायाजी अघं घटियां गुण परगट्यां वारि अटल अवगाहनरा-याजी ॥ ज्ञान दर्शन प्रणमूं सदा ॥ २ ॥

दोहा

पद तृतीय आचार्य गणी गुण षट तीस सुहाय ।
तासु चरण प्रणमूं सदा मन वच तन लय ल्याय ॥१॥
निरावरण रूपी रवि आंथमियां अंधियार ।
दीपक जिम गणि जोतिथी भवि जीवां उजियार ॥२॥
अष्ट संपदा जेहनी पट दश ओपम सार ।
च्यार प्रकारे संघनै मुनिपतिनूं आधार ॥ ३ ॥

ढाल

थां पर वारि हो जिनजी. आमेरियादेवलमें चंदसुहावणा होलाल एदेशी—

थांपर वारिहो सुगुरुजी गण वत्सल गण नायक स्वांम सुहावणां हो लाल ॥ (आंकड़ी)

श्रीजिन आंगा सहित सुध पालोजी अन्य समग समणींकूं भालोजी ॥ थांपै वारीं दोष वैयालीस-टालो सभालो महांवयनीकाजी ॥ थां० ॥ १ ॥ तज परभाव स्वभाव में रमताजी सिख सिखणी सें छांडी ममताजी थांपै आतमीक सुख गमता चावनां एकांत तिणरीजी ॥ थांपैं० ॥ २ ॥ अंग उपांगादिक सिज्झायाजी क्रोधादिक तज निज ध्येयें ध्यायाजी थांपै । शुकल भला ध्यव साय मदा तुम ध्यावतांजी ॥ थांपै० ॥ ३ ॥ पट धारी गछ थंभ सुहायो जी सासन प्रभुनो जबर जमायो जी थांपै मिथ्या तिमिर हटायो बधायो गण सुखदायो जी थांपैं० ॥ ४ ॥ नीत विमलथी पालो पलावो जी अज्ञा डोरो झाली झलावोजी । थांपैं० । सुलभ भवी समझावो वतावो मारग आछो जी ॥ थांपैं० ॥ ५ ॥ धन तुझ नांण दरसण चरितो जी पर ग्रंथि टारी ए तुझ वित्तोजी ॥ थांपैं० सहु जंतू पै हित्तो पीहर षटकायनांहो स्वांम ॥ थापैं० ॥ ६ ॥ मुख पूरण शसि जिम हदनांकोजी पायो महीमें जसनूं टीकोजी ॥ थांपैं० नैं तुम मुक्ति नजीको तहतीको गणपतिनीकोजी ॥ थापैं० ॥ ७ ॥ चेतन सब

लो निज गुण दरियांजी निर्मल नीर गुणांकर भरियोजी ॥ थांपैं० करम पटल सें टरियो उधरियां निज गुण भालीजी ॥ थांपैं० ॥ ८ ॥ तपसी लघु सिख वृद्धनी सारोजी करतां असनादिकनी संभारो जी ॥ थांपैं० । मुनिजन नै आधारो जिहाज सम इण भवें हो स्वांम थांपैं० ॥ ९ ॥ षट दरसन जानी महमांनी जी गंगा जल जिम अमृत वाणीजी थांपैं० ध्यांनी आतम ज्ञानी पोतानी ऋद्धि वखांणीजी ॥ थांपैं० ॥ १० ॥ प्रणमू वे कर जोडि गणींदाजी सरण तुमारो है सुखकंदोजी ॥ थांपैं० मेटण अघ दल फंदा करूं तुझ उपासनां हो स्वांम ॥ थांपैं० ॥ ११ ॥

ढाल ।

मति श्रुति नांण तणां धणी वारी निर्मल बुध अधिकायोरे ॥ चउदे पूरव धारिका वारी जिनजिम सोभ सयवायोरे ॥ ज्ञान दरसण प्रणमूं सदावारी चारित तप सुख कंदोरे ॥ आतम गुण शिव पंथ ए वारी आदरतां आनंदो रे ॥ ज्ञान० ॥ १ ॥

दोहा

पद चतुर्थ सुमरूं सदा उवभाया अणगार ॥
पांचवीश गुण सहित जे ज्ञानै गुण भंडार ॥ १ ॥
वमी भोग संसारका जाणों जहर समांन ॥
आचारज पद योग है नमो नमो गुणखांन ॥ २ ॥
तत्वधार निर्णय करी भणै भणावै जेह ॥
सासनमांहि महामुनी टारै कर्म निरेह ॥ ३ ॥

राग आसाउरी में

मुनीश्वर स्मरण तुम्हारो साचो। मैं तो पायो इण भव आछो(एआकडी)सात नयें विसतार सहित जे चउ निक्षेप वखाणें। सास्वता सास्वत वस्तु बहु विद हैं तद्दृष्टांत ओखांणे हो॥ मु० ॥२॥ स्याद वाद मारग प्रभू केरो तास प्रकाशक स्वामी भांगा सप्त थकी ओलखावें कुमति कदाग्रह वांमी हो॥ मु०॥ ३ ॥ पांच ज्ञांननूं भेद सिखावै मति श्रुति अवधि विचारै। मन पर्जव केवल ए पांचूं तेहना दोय भेद धारो हो॥ मु० ॥४॥ प्रत्यक्ष और परोक्षादिकनों सर्व भेद समझावे हित आणी। उवभाय नमीजे सुंदर भावनां भावै मु०

मुक्के निसाणी हो ॥ मु० ॥ ५ ॥ पाहण सम अ-
वनीत समणकूं करदे रतन सरीसो ॥ वाह वाह स-
क्ती एह तुम्हारी चरण नमाउं सीसो हो ॥ मु०
॥ ६ ॥ यह संसार सुपननी माया विजली ज्यों
चमकारो ॥ डाभ अणी जलसो आऊषो भाषै स-
भा मझारो हो ॥मु० ॥ ७ ॥ चउगति भ्रमण करंता
जिवडो मान वरो भव पायो ॥ रत्न चिंतामणी खोय
अज्ञानी पड्यो नरकगति मांयो हो ॥मु० ॥ ८ ॥
वेदनां दस परकार क्षेत्रनी दे परमधामी मारो ॥ मुद्गग
रथी चूरण तनुकरो दुर्गंध महा अधि यारो हो ॥ मु
।९। अधरम करियेह वा दुख पावै धर्मथी शिव पुरजावै
इण विध दे उपदेस भविककूं फल शुभ अशुभ
वतावै हो॥मु० ॥ १० ॥ कारमां सुख सुरनां मुनि
जांणे पातिक अलघाटाले ते उवझाय नमीजे बलि
बलि जिनसासन उजवालै हो ॥ मु० ॥ ११ ॥

ढाल ।

मोह करम पतलो करे वारी सरधा सांची
भासैरे । गणी आगें मंत्री सम वारी भिन्न भिन्न भेद
प्रकासे रे ज्ञान दरसण प्रणमू सदा वारी चारित्र-
तप सुखकंदोरे आनमा गुण शिव पंथ ए वारी आ-

हरतां आनंदोरे ॥ ज्ञान दर्शन प्रणमूं सदा ॥ १ ॥

दोहा

सकल साध अढि द्वीपमैं उत्कृष्ट नव सैंसकोड़ि।
विचरैं मानू क्षेत्र में वंदू वे कर जोड़ ॥ १ ॥
भवसागर में डूबतां पर तिष झाझ समान ।
लेस्या सुध आलंबनै ध्यावै निरमल ध्यांन ॥ २ ॥

ढाल

इण सरवरि यारीपाल, ऊभा दोय राजवी म्हारा ला-
ल ऊभा दोय राजवी । एचाल ।

संजम धरि मुनिराय सुधारे आतमां हो लाल
सु (आंकड़ी) तन पूतलकूं जाणै छ सात धात-
मां हो । लाल सु०॥ १ ॥ महाव्रत पंचप्रकार करण
तीन जोग मां हो लाल ॥ सु० इर्यासुमति मझा-
र चलै उपयोग मां हो लाल ॥ चलै० ॥ २ ॥ तृण
जिम सुख षट खंड तणां छिनमें तजै हो लाल
तणां छिनमें ॥ जांणी विषनू भांड़ एक संजम स-
झैहो लाल ॥ एक संज० ॥ ३ ॥ सहस अठार शी-
लांग तणा धोरी भला हो लाल तणां धो ॥ नव-

शिव ब्रम्ह ब्रत मांहि सदा चढती कला हो लाल ॥ स० ॥ ४ ॥ तपस्या द्वादश भेद करंता हित भणी हो लाल ॥ क० देव कर्म ऊछेद नहीं चूकै अणी हो लाल ॥ न० ॥ ५ ॥ गुरुनू विनय भरपूर व्यावचमें रक्त है हो लाल ॥ व्या० आमो सही पमुहा बहु ल-व्धीनी सक्ति है हो लाल ॥ ल० ॥ ६ ॥ एक इकज्ञांन वैराग तणी करै वारताहो लाल ॥ त० एक इक ध्यांन में मग्न रहै अघ टालता हो लाल ॥ रहै० ॥ ७ ॥ लोपै नहीं गुरुकार सुगुण हिरदै धरै हो लाल ॥ सु० अप्रतिबंध विहारै नव कल्पी करै हो लाल ॥ ते-न० ॥ ८ ॥ गोपै मन वच काय भ्रमर वत गोच-री हो लाल ॥ भ्र० खमें परी सह बावीस परवाह नहीं लोचरी हो लाल ॥ पर० ॥ ९ ॥ पंचमां आरामांय भिक्षु गणि फाविया हो लाल ॥ भि० श्रद्धायथार्थ वताय भविक समझाविया हो लाल ॥ १० ॥ भ० च्यार जाति नां देव महामुनि सेवतां हो लाल ॥ ११ ॥ म० अधिष्ठायक इण सासनैं बहु देवता हो लाल ॥ अनुरागी जिनधर्मी श्रावक श्राविकाहो लाल॥ श्रा० समदृष्टी हलुकर्मी भवि शुभ भाविका हो लाल ॥१२॥ तसु बिपतासब

दूरकरै सुरसायुता हो लाल ॥ क० पावै अनूप भरपूर ए समरण गायता हो लाल ॥ एस० ॥ १३ ॥ भि च्छू पटधारी माल भद्रक गुण पाविया हो लाल ॥भ० समकित बोध पमाय अमरपुर जाविया हो लाल ॥ अ० ॥ १७ ॥ राय शशी सुखदाई तखत तीजै भलाहो लाल ॥ त० तूर्य पाट जयाचार्य थया नित. निरमला हो लाल ॥ थ० ॥ १५ ॥ मघवा सम मघराज तणौ पट सोहतां हो लाल त० माणिक भवोदधि पाज भविक मन मोहताहो लाल भ०॥१६॥ तसु पट जेम जिनेश अछै वर्तमानमें हो लाल येनामे डाल दिनेश अमी जसुवांणमें हो लाल ॥ अ० ॥ १७ ॥ रटता लाखों जीव एक तसु नांम नै हो लाल एक० काटता कर्म अतीव श्रद्धा सुध पामनै हो लाल अ० ॥१८॥संबत उगणीसे सार सतावन आवियो हो लाल ॥ जयपुर नगर मझार स्मरण ए ध्यावियोहो लाल ॥ १९ ॥ डाल गणी सूपसाद श्रावक मन भावियो हो लाल ॥ गुलावशशी सुखदाय आनद हद पावियो हो लाल ॥२०॥ निज बुध माफक एह करी स्तवना भली हो सुख संपति हद लेहथइ अति रंग रली हो लाल ॥२१॥ पाप उद-

यजे विपाक दालिद्रादिकदुखमिटै ॥ उपसम रोगने सोगजप्या संकटकटै ॥ २२ ॥ सावण धर सुचिमास भलो दिन आवियो हो ॥ भलो पंच पदारो जाप पंचमी दिन गावियोहो लाल ॥ २३ ॥ इति

अथ वीरसासनस्तुती ।

म्हानै घणोरे सुहावै थारो घाघरियो । एदेशी ।

म्हानै घणोरे सुहावै सासन वीरनो (आंकडी) कहि ए चतुरमारग ए मोक्षनां तसू ओलखियां भव पाररे भलो सासण पावै ते नरा जाणो धन धन तस अव-ताररे॥म्हाने०॥१॥ ज्ञान दरसण चरण सूं जांनिए करै निर्जरा कर्म वेधांणरे। प्रगटै आतम सत्ता एक-त्वता जांणे स्वपर वस्तु निज ठाणरे ॥ म्हानै ॥२॥ तोड्याकर्म च्यार घन घातियां गुण द्वादश धुर पा-दमायरे॥थया सकल कारज सिध तेहना वीजे पद अठगुण अधिकायरे॥ म्हानै ॥३॥ करै सारण वार-ण चोयणा समपद वलि गुण षट् तीसरे ॥ आथै सूरज केवलि सारिसो सोभै दीपक जेम जगीस-रे म्हानै० ॥ ४ ॥ भणै द्वादस अंगादि सूत्रको देवै

वाचना दान सुरंगरे ॥ चउथै उवझाया पद वंदिये त्यांरो निरमल नाण सुरंगरे ॥ म्हानै० ॥ ५ ॥ त्या- वै भवर तणी पर गोचरी पालै महव्वय पंच प्रका- रेरे जंतू करुणावंत मुनीसरा तपसी लब्धि तणा भंडाररे ॥६॥ प्रगट्या पंचम अरके महागुणी श्रीभि चू भवोदधि पाज रे ॥त्यांरै पाटै भारी माल जाणिये तीजेराय शशी गणिराजरे॥ म्हानै ॥७॥ एतो ज- यगणी तुर्यपट जय करो तसु पट मघवा सुखदायरे॥व लीपाट छठैमाणकभला संपति दिन दिन अधिक अ- थाहरे॥म्हानै॥८॥ओपै पटधारी मुनि पटगणी हिव- डा सदृश जेम जीणःरे ॥ गणपतिडाल शशी गुण सागरूं ज्यारो मुख पूनमको सो चंदरे ॥ म्हानै ॥९॥ करतां समरण पंचपरमेष्टिनो भागै संकट सर्व ततका- लरे॥जपतां अशुभ कर्म दूरै टलै थावै आनंद मंगल मालरे म्हानै॥ १० ॥ एहो महामंत्रसुधजे जपै त्या- री सायकरै सुरसायरे ॥कहै गुलाबचंद सुख पामि- ये वले विपतानै आवै कोयरे ॥ म्हानै ॥ ११ ॥

अथ स्तवनम् ।

राग कालंगडामें ।

मेरा प्रभू चरणां चित लग रहारी मेरा० (आं-कड़ी) मोह मिथ्या तकी नींद उछट गई ज्ञांन-उजेरा जग रह्यारी ॥ मेरा० ॥ १ ॥ स्वपर विचार धार सुध सरधा प्रवचन रंगे रंग रह्यारी ॥ मेरा० ॥ २ ॥ कुमति कदाग्रह छोड़ मोड़ मद रतनत्रय के संग रह्यारी ॥ मेरा० ॥ ३ ॥ आतम रूप भूप घट अंतर शुद्ध स्वरूपैं रमरह्यारी ॥ मेरा० ॥ ४ ॥ गुलाबचंद आनंद भयो अब सब दुख दूरे भग गयारी ॥ मेरा ॥ ५ ॥

राग भैरवी ।

चाल गज़ल की ।

मोतिया वेला चमेली दा वनाया सेरा । एचाल

आयो सरनैं राजेर मोये आधार तेरा (आ०) आगे तुम हमारे संग भव भवमें अनेक रंग अब तुम नाथ भय मैंहूं दास तेरा ॥ आयो० ॥ १ ॥ आपहो करमां रहित हमहैं करमों सहित कांटे गे

कर्म तभी होवेंगे जैसें तेरा ॥ आ० ॥ २ ॥ मुझमें अनंत नांग करमां वरणसें छिपांन विन कारण कारज नहीं ताते ध्यांन तेरा ॥ आ० ॥ ३ ॥ सांचहै तिहारी वांण अहिंसा मैं धर्म मांन कुगुरु कुपंथ छांड़ लिया पंथ तेरा ॥ आ० ॥ ४ ॥ मिटतहै दुखों केदंध कटतहैं कर्म फंद कहै गुलाब अति आनंद नाम लेत तेरा ॥ आ० ॥ ५ ॥

ढाल

सहेल्यो मिल पूजन चालोनै गनगोर (एचाल)

प्रभूजी थांसुं प्रीति लगींजी महाराज (आंकड़ी) भ्रमण कीयो बहुकाल लगे अब सवही सुधरसी काज ॥ प्र० ॥ १ ॥ संजमधारी उग्रविहारी मिलिया छ भत्रो दधिपाजजी ॥ प्र० ॥ २ ॥ करम भरम वश बहु मद छाकियो नाहिं कीयो धरमनूं साज ॥ प्र० ॥ ३ ॥ अब तुमसेती प्रीति लगाई आप गरीवनिवाज ॥ प्र० ॥ ४ ॥ ज्ञान दरसण निज है पर पुद्गल जाणलियो में आज ॥ प्र० ॥ ५ ॥ परपरणाति उचदे खेद तज भज निज भाव समाज ॥ प्र० ॥ ६ ॥ गुलाबचंद आनंद शरण में तुम त्रिभु-

भुवन शिरताज ॥ प्र० ॥ ७ ॥

पुनःस्तवनम्

डोलेरे जुवन मदमाती गुजरिया डोलेरे (ए चाल)

सुनोरे सुग्यानी जिया श्रीजिन वानी सुनेरे ए(आंकड़ी)थारीरे प्यारी अनादिकालकी ये कुमती दूनी अभिमानी ॥ सु० ॥ १ ॥ जो सुख चाहै अविचल अक्षय तो तू अब तज खोटी वानी ॥ सु० ॥ २ ॥ समझ कहा अब मांन सुगुरुका सुमति धार कर आतम ध्यानी ॥ सु० ॥ ३ ॥ तू है कौन मोह्या तू किन संग क्यूं खोया अफला भव प्राणी ॥ सु० ॥ ४ ॥ इम जाणी प्रभु सुमरण करतां कहै गुलाव पावै शिवरानी ॥ सु० ॥ ५ ॥

सुन सुनरी सखी हमारी मोय नेमपियानै विसारी (ए चाल)

तुम त्रिभुवन पति भगवाना अब किरपा मोपै त्याना । जल वचनामृत वरसाना ॥ तुम० ॥ १ ॥ इन करमूं संग लुभाया पुद्गल ले रूप वनाया मोह मद छकिया अनजाना ॥ तुम ० ॥ २ ॥ कुमती संग काल गमाया अब शरण तिहारै आया में वालक हूं नादाना ॥ तुम ० ॥ ३ ॥ नव तत्व

भेद सु जान्यूं जिन मेरे मन तू मान्यूं॥ कह गुलाव शशी हुलसाना ॥ तुम ० ॥ ४ ॥

सुविधि जिन स्तवनम् ।

मूंगा तोय ले भूंगी सजना (ए देशी)

मुक्ति सेहली का साहिब (ए आंकड़ी) तुम स्वेत वरण तनु सोहै सुर नर मोहै रे साहिब॥ सु० जल पय जैसें जानूं पुष्प चमेलीके साहिब ॥ मुक्ति ० ॥ १ ॥ सुबुधि भई तुम नामें शिवगति पामें रे साहिब अजर अमर सुख ज्यांमें अविचल ठामें रे साहिब ॥ मु० ॥ २॥ करता गरजी अरजी कीजे मरजी रे साहिब गुलाव शशी हरखायो गुन तुम गायोरे साहिब ॥ मुक्ति० ॥ ३ ॥

महाराजा पूछोंन जोगनका हाल (ए चाल)

महाराजा अरज सुनो सुखकार उतारो सही संसार सें पार ॥ १ ॥ श्रीजिनराज जगत हित-कार गुणी गुणधारी गुणोपमसार॥महा ०॥ २ ॥ भम्यो भवोदधि विच करमांके लार मिल्यो अब ये मानव अवतार ॥ महा० ॥ ३ ॥ दयालू दयानि-धि तुछो सिरकार कृपानाथ अपनूं विरुद सभाल॥

महा० ॥ ४ ॥ तेरो सरन है तेरो ही आधार कियो व्रतधारी सुगुरु अंगीकार ॥ महा० ॥ ५ ॥ जीव अजीवादि तत्व विचार समकित बोध तणां दातार ॥ महा० ॥ ६ ॥ मन वच तन शुभ योग उदार करत गुलाबशशी नमस्कार ॥ महा० ॥ ७ ॥

वकतूजीरे नीमड़ली लाड़ी नां पगला धोतीरे सैणांरी वाटां जोतीरे वकतूजी वाला सैण (एचाल)

